छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग, रायपुर

शंकर नगर मार्ग, रायपुर –492001

फोन न. –0771–2439562, 2446556 (फैक्स), वेबसाइट–www.psc.cg.gov.in

क्रमांक 3411 /01/चयन/2020 दिनांक 4 FEB 2020

// दस्तावेज सत्यापन हेतु सूचना पत्र //

सहायक प्राध्यापक परीक्षा–2019 (उच्च शिक्षा विभाग)

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के विज्ञापन क्रमांक 02/2019/परीक्षा/दिनांक 18.01.2019, शुद्धि पत्र क्रमांक 04/2019/परीक्षा/दिनांक 01.02.2019, शुद्धि पत्र क्रमांक 07/2019/परीक्षा/दिनांक 23.02.2019, शुद्धि पत्र क्रमांक 12/2019/परीक्षा/दिनांक 23.11.2019, सूचना पत्र क्रमांक 2697/27/विज्ञापन/2019 रायपुर दिनांक 11.12.2019, महत्वपूर्ण सूचना क्रमांक 2546/11/पेड/परीक्षा/2019 रायपुर दिनांक 27.11.2019 के द्वारा उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत सहायक प्राध्यापक, विभिन्न 27 विषयों के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन जारी किया गया है। जिसमें से सहायक प्राध्यापक विभिन्न 03 विषयों (सहायक प्राध्यापक–मनोविज्ञान, सहायक प्राध्यापक–सैरिकल्चर एवं सहायक प्राध्यापक–टसर टेक्नोलॉजी) के दस्तावेज सत्यापन दिनांक 13.02.2020 से 14.02.2020 तक आयोजित किया जाएगा।

अभ्यर्थी के पास आवश्यक शैक्षणिक अर्हताओं एवं अन्य अर्हताओं का "प्रमाण–पत्र" ऑनलाईन आवेदन करने हेतु निर्धारित अंतिम तिथि अथवा उसके पूर्व प्राप्त कर लिया होना चाहिए। ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि के बाद की तिथि को जारी की गई शैक्षणिक अर्हताओं एवं अन्य अर्हताओं के प्रमाण पत्र मान्य नहीं होंगे। इस संबंध में शैक्षणिक दस्तावेजों/ऑनलाईन आवेदन पत्र/पहचान पत्र/अन्य प्रमाण पत्रों के मूल प्रति तथा एक–एक सत्यापित अथवा स्वप्रमाणित छायाप्रति प्रस्तुत करें। आवश्यक शैक्षणिक अर्हता/अन्य प्रमाण पत्रों की कमी होने पर अभ्यर्थी की उम्मीदवारी समाप्त कर दी जायेगी एवं इस संबंध में कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।

दस्तावेज सत्यापन हेतु विषयवार जानकारी आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। निर्धारित तिथि एवं समय में अभ्यर्थियों को मूल दस्तावेजों के सत्यापन हेतु आयोग कार्यालय में उपस्थित होना अनिवार्य है।

4.2.2020

परीक्षा नियंत्रक

छ.ग. लोक सेवा आयोग

रायपुर